# विधवा, तलाकशुदा का अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन 12 अप्रैल को

▶ खंडेलवाल तकनीकी विकास समिति उज्जैन के तत्वावधान में होगा आयोजन



**उज्जैन।** खंडेलवाल समाज में वैवाहिक समन्वय और सामाजिक सहयोग को नई दिशा देने के लिए खंडेलवाल तकनीकी विकास समिति उज्जैन के तत्वावधान में 12 अप्रैल रविवार को एक विशेष अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन 32 वर्ष से अधिक आयु के अविवाहित युवक-युवतियों, विधवा, विधुर एवं तलाकशुदा व्यक्तियों के लिए खंडेलवाल वैश्य समाज समिति भवन, जीटी गौरव टावर रोड, सेक्टर-10 मालवीय नगर जयपुर में आयोजित होगा। सम्मेलन को लेकर समाज में खासा उत्साह है और अब तक 120 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं।

महिलाओं की निजता का रखा जाएगा विशेष ध्यान, मंच और माला का सत्कार नहीं होगा। आयोजन में महिलाओं की निजता और सहूलियत को प्राथमिकता दी गई है। कार्यक्रम में मंच, माला और औपचारिक अतिथि सत्कार नहीं होगा। सभी प्रतिभागी सामूहिक रूप से ठाकुर जी का पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ करेंगे। महिलाओं के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जो महिलाएं सार्वजनिक मंच पर अपना परिचय नहीं देना चाहतीं, उनके लिए पूर्ण गोपनीय व्यवस्था की गई है और इच्छानुसार उनकी जानकारी बायोडाटा बुक में भी प्रकाशित नहीं की जाएगी। खंडेलवाल तकनीकी विकास समिति के संस्थापक डॉ. अशोक खंडेलवाल की पहल पर आयोजित संस्था प्रमुखों की बैठक में ठाकुर जी की अध्यक्षता और बाबा महाकाल के जयकारों के साथ %महाकाल महिमा% पुस्तक का नि:शुल्क वितरण किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने इस सामाजिक पहल को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### बैठक में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

बैठक में समाजसेवी एवं महासभा प्रमुख महेश कानूनगो, जनता कॉलोनी खंडेलवाल समाज समिति के ताराचंद कानूनगो, तकनीकी विकास जयपुर के सतीश खंडेलवाल, सी स्कीम के भारतभूषण गुप्ता, बापू नगर के डीडी मोदी, ढेहर के बालाजी के महेश गुप्ता, करधनी के बाबूलाल गुप्ता, करधनी अध्यक्ष रमेश चंद्र धामानी, करधनी सचिव नंद कुमार गुप्ता, जयसिंहपुरा खोर के सुनील कुलवाल व मनोज रावत, विनायक टोडवाल, खंडेलवाल वैश्य समाज समिति के शंकर टोडवाल, खंडेलवाल वैश्य जागृति मंडल समिति के रमेश चंद्र सोखिया, प्रताप नगर अध्यक्ष भरतलाल ठाकुरिया, प्रताप नगर संयुक्त सचिव प्रेम बिहारी बम्ब, तूंगा समिति अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, तूंगा कोषाध्यक्ष भगवान सहाय कुलवाल, शास्त्री नगर के ओम प्रकाश गुप्ता व ज्ञान प्रकाश अटोलिया, अखिल भारतीय खंडेलवाल युवा संघ के कुंज बिहारी नाटाणी, जागृति संघ के योगेंद्र लाभी, टोंक फाटक के दिनेश बढाया व राकेश खंडेलवाल, मुरलीपुरा महामंत्री अशोक कुमार कानूनगो, ढेहर के बालाजी मंत्री महेश कुमार ताम्बी, ढेहर के बालाजी अध्यक्ष नवरतन राजोरिया, नाटाणी परिवार समिति अध्यक्ष दीनदयाल नाटाणी, मानसरोवर अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, सोडाला महामंत्री भंवरलाल राजोरिया, ढेहर के बालाजी के सुनील झालानी, नेहरू नगर अध्यक्ष रामचरण पितलिया, मालवीय नगर के बीएल गुप्ता, मालवीय नगर अध्यक्ष विशम्भर खंडेलवाल, एडवोकेट दीनदयाल खंडेलवाल और मोहित गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अष्टधारा महायज्ञ कल से होगा शुरू

**उज्जैन।** काल भैरव घाट स्थित श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर में अघोर अखाड़ा उज्जैन एवं श्री सेनापति काल भैरव गौसेवा संगठन उज्जैन के तत्वावधान में 10 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक अष्टधारा महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस धार्मिक आयोजन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में साधु-संत, श्रद्धालु एवं साधक-साधिकाओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए मंदिर समिति द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ महाराज ने बताया कि महायज्ञ का मुख्य स्वरूप 'अष्ट द्रव्य अर्पण' है। अष्ट द्रव्य जैसे दूध, दही, घी, सरसों तेल, शहद, शराब, गंगाजल एवं इत्र आदि को कलश के माध्यम से अष्टधारा के रूप में अर्पित किया जाएगा। महायज्ञ में आहुति देकर नकारात्मक शक्तियों का नाश, व्यापार एवं व्यवसाय में उन्नति, तथा काम, क्रोध, मोह, लोभ एवं अहंकार का त्याग कर भगवान काल भैरव के चरणों में समर्पण करने का संदेश दिया जाएगा। साथ ही समाज एवं देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की जाएगी। इस महायज्ञ का उद्देश्य व्यक्ति के आंतरिक शुद्धिकरण, मानसिक संतुलन एवं समाज कल्याण की भावना को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से सेवा, त्याग, परोपकार एवं सनातन धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा।आयोजन के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं तांत्रिक अनुष्ठान, पूजन-अर्चन तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी भंडारे की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में देशभर से कई अखाड़ों के संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजक मंडल एवं सेनापति गौसेवा संगठन के प्रदेश प्रभारी आशीष राजौरिया एवं महेश मालवीय ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन में पुण्य लाभ अर्जित करें एवं आयोजन को सफल बनाएं।

## एक नजर में

### जन जागरूकता के लिए लेखन कार्य किया

**उज्जैन।** ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गांव ढाबला रेहवारी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण सुरक्षा एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। दीवार लेखन के जरिए आमजन को जल ही जीवन है, जल बचाओ -भविष्य बचाओ जैसे प्रेरणादायक संदेशों से जोड़ते हुए उन्हें दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों, सेक्टर के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाया। यह पहल समाज में जागरूकता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### किसान के गेहूं खरीदी में विलम्ब से हाहाकार

**महिदपुर।** गेहूं की फसल आये लगभग 1 माह से ज्यादा समय हो गया। लाचार, बेबस व मजबूर किसान हाल बेहाल होकर आज निराश होकर अपना लेनदेन नहीं कर पा रहा है व अपने परिवार की आवश्यकता की पूर्ति नहीं कर पा रहा है। बेमौसम वर्षा से भयभीत किसान ने फसल खराब होने के डर से गीले गेहूं घरों में भर लिये है जिससे गेहूं खराब होने का अंदेशा प्रबल हो गया है। सरकार को किसानों की चिंता व व्यवस्था की तनीक भी फिक्र नहीं होने के कारण समर्थन मूल्य की खरीदी की दिनांक चार बार बढ़ाने व घटाने के बाद भी खरीदी नहीं कर सकी है। जनचर्चा प्रबल हो रही है कि सरकार भावांतर में किसानों को धकेल सकती है।



गेहूं की बिकवाली न होने से मजदूरों की मजदूरी किसान देने में विलम्ब होने से मजदूर की स्थिति खराब होकर अपनी व्यवस्था चैपट कर चुका है वहीं किसान की अर्थव्यवस्था भी चैपट हो गई है। कपड़ा, किराना, सोना चांदी, रेडीमेड व अन्य प्रमुख बाजार में भयंकर सन्नाटा बना है। सरकार को ग्रामीण व शहरी अर्थव्यवस्था को चैपट करने वाली निति को मजबूती प्रदान नहीं करने हेतु समय पर कारगर व सख्त कदम उठाने की पहल करना चाहिये। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक नवलखा ने राज्य सरकार की नीति की तीव्र निंदा करते हुए किसान मजदूर व व्यापारी पर हो रहे वज्रपात की आलोचना करते हुए किसानों को बेहाल कर लूटने व नुकसान होने से बचाने तथा सम्पूर्ण मप्र में भी 9 अप्रैल से खरीदी प्रारंभ करने की मांग की है।

### बाल विवाह रोकने के लिए उड़नदस्ते का गठन

**उज्जैन।** जिले में 20 अप्रैल 2026 को होने वाले अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 13(4) एवं 13(5) के तहत उड़नदस्ते का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार बाल विवाह रोकथाम के लिए निम्नलिखित अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत समस्त, झोनल अधिकारी, नगर निगम, नगर पालिका, नगरीय निकाय, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना समस्त, थाना प्रभारी, समस्त पुलिस थाने को सौंपी गई है। अधिकारियों द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं तथा 21 वर्ष से कम उम्र के बालकों की सूची आंगनवाड़ी स्तर पर तैयार की जाएगी। जिला एवं खंड स्तर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रिंटिंग प्रेस, हॉल, कैटरर्स, फोटोग्राफर, बैंड-बाजे, ढोल-नगाडा, ट्रांसपोर्ट आदि सेवा प्रदाताओं को चेतावनी दी जाएगी कि वे बाल विवाह में किसी भी प्रकार की सेवा न दें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अंतर्गत आमजन से हेल्पलाइन नंबर 1098, 112 पर तथा स्थानीय पुलिस को तुरंत सूचना देने की अपील की गई है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत स्कूलों, आंगनवाड़ियों एवं ग्राम पंचायतों में बाल विवाह के खिलाफ रैलियां एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप और दीवार लेखन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल टीम गठित कर कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। हेल्पलाइन नंबर 1098 पर तुरंत सूचना दें। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, विशेषकर अभिभावकों, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे बाल विवाह की किसी भी सूचना पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं।

### भक्ताम्बर मण्डप विधान का समापन

**इंदौर.** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन के मुख्य आतिथ्य में दिगम्बर जैन नरसिंहपुरा जैन मंदिर में दो दिन के भक्तामर मण्डप विधान का समापन हुआ. उक्त समारोह में अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिहपुरा संस्थान के राष्ट्रीय परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन का ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश जैन एवं सभी ट्रस्टी गण द्वारा पगड़ी,उपरना एवं मालाओं से सम्पूर्ण समाज कि उपस्थिति में सम्मान किया गया. संस्थान के प्रवक्ता प्रवीण जैन नेबताया कि सम्मान की श्रृंखला में राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष जैन, राष्ट्रीय संरक्षक शैलेश भाई शाह, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष चेतन मुसलिया, मध्य प्रदेश अध्यक्ष विदर्भ जैन का भी सम्मान किया गया. नरसिंहपुरा दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप का पद एवं कर्तव्य की शपथ शैलेश शाह द्वारा, मुख्य अतिथि कुन्ती लाल जैन के सानिध्य में हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता हर्ष जैन ने की. विशिष्ट अतिथि चेतन मुसलिया एवं रितेश सुरावत रहे. दिलीप भोलिया अध्यक्ष एव राजेश जैन बानी ने सचिव पद की शपथ ग्रहण की. मुख्य अतिथि कुन्ती लाल जैन ने अपने उद्बोधन में महिलाओं कि भागीदारी बढ़ाने, सेवा कार्यों का संकल्प, शिक्षा एवं सेवा परअशोक फ़ोकस,पिडित मानव सेवा के कार्यों पर विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया.

### पारीख अध्यक्ष, डॉ. शर्मा सचिव बने

**इंदौर.** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ मालवा इंदौर के चुनाव में समाजसेवी एम जी पारीख अध्यक्ष एवं डॉ. प्रवीण शर्मा मानद सचिव निर्वाचित हुए. चुनाव अधिकारी जायंट्स की सेंट्रल कमेटी के सदस्य एन सी एफ श्याम गोयल की देखरेख में हुए चुनाव में उपाध्यक्ष प्रथम पद के लिए अनिल खंडेलवाल तथा उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर महेश गिरी और कोषाध्यक्ष पद के लिए सुरेश जैन सर्वानुमति से चुने गए. चुनाव अधिकारी ने बताया कि कार्यकारिणी में एन एल जैन, शकुन गोयल, कामिनी पांडे, उमा व्यास का मनोनयन किया गया. नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और संचालक मंडल सदस्यों को डॉ. वीपी सिंहल, डॉ. के एम शर्मा, विष्णु बिंदल, ओम बंसल आदि ने बधाइयाँ देते हुए शुभकामनाएँ व्यक्त की हैं.

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने रैली निकाल सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर शहर में रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।



जिला संयोजक शेख मोहम्मद हनीफ़ ने बताया कि रैली टावर से शुरू हुई जो शहर के प्रमुख भागों से होती हुई मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंची। जहां पर मध्यप्रदेश के समस्त अध्यापक-शिक्षक संवर्ग संगठनों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मुख्य रूप से दो मांगें रखी गईं। पहली मांग के तहत 'शिक्षक पात्रता परीक्षा' की अनिवार्यता समाप्त करने की बात कही गई। आरटीआई अधिनियम 2009 के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए अनिवार्यता को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए फैसले पर राज्य सरकार पुनर्विचार याचिका दायर करे। साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा मार्च 2026 में जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की गई। दूसरी मांग में अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों के लिए सेवा गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से करने की बात कही गई। इसमें अवकाश नकदीकरण, ग्रेच्युटी एवं पेंशन की पात्रता में वास्तविक प्रथम नियुक्ति दिनांक को आधार मानते हुए कोष एवं लेखा विभाग के पोर्टल पर उसी अनुसार प्रविष्टि करने की मांग शामिल है। प्रदेश के लाखों शिक्षक मानसिक तनाव में हैं और उनके परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। इसलिए ऋ्ञश्च लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को ञ्ञश्चञ्ञ से छूट प्रदान करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना का लाभ दिया जाए। अंत में संबंधित अधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि शिक्षकों की सभी मांगें मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएंगी। इस दौरान मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से जिला संयोजक द्वय शेख मोहम्मद हनीफ कैलाश बारोड, गोकुल सिंह नागदिया, कैलाश गोस्वामी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुषमा खेमसरा, राजेश रघुवंशी अजय दोहरे, वीरेंद्र दाभाडे, आत्माराम सरवटे, अखिलेश पांडे, कविता मकवाना, शुभाराम राठौर, अतुल दीक्षित, राजेश शाक्य, मुन्नालाल मालवीय, प्रकाश मालवी, आत्माराम परमार, तरुण भाटी, भारती अरोड़ा, मंजू फाल्के, विकास शर्मा, रेणुका अवार्ड, प्रमिला पंचोली सहित बड़ी संख्या में जिले भर के शिक्षक सम्मिलित हुए।

# लैंक्सेस को 2026 की दूसरी छमाही में कारोबार में उछाल की उम्मीद

**नागदा।** लैंक्सेस के लिए वित्त वर्ष 2025 कमजोर मांग और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण चुनौतीपूर्ण रहा। कंपनी का राजस्व 10.9 प्रतिशत घटकर 5.673 अरब यूरो रहा, जबकि एबिटा प्री एक्सेप्शनल्स 16.9 प्रतिशत गिरकर 510 मिलियन यूरो पर आ गया। एबिटा मार्जिन भी 9.6 प्रतिशत से घटकर 9.0 प्रतिशत रहा।

कंपनी के प्रदर्शन पर कमजोर औद्योगिक मांग, कीमतों में गिरावट, एशियाई प्रतिस्पर्धा, मुद्रा प्रभाव तथा बिजनेस यूनिट बिक्री के बाद आय में कमी का असर पड़ा। सीईओ मैथियास जैशर्ट ने कहा कि 2025 के बाद 2026 की दूसरी छमाही में सुधार की उम्मीद है। कंपनी लागत नियंत्रण, प्रक्रियाओं के सरलीकरण और नए बाजार अवसरों पर फोकस कर रही है। 2026 के लिए एबिटा 450-550 मिलियन यूरो रहने का अनुमान है।

लैंक्सेस ने 2028 तक लगभग 150 मिलियन यूरो की संरचनात्मक लागत बचत का लक्ष्य रखा है, जिसमें अतिरिक्त लागत-कटौती और संचालन दक्षता प्रमुख होंगे। साथ ही कंपनी ने अपने शुद्ध ऋण में करीब 15त्न की कमी दर्ज करते हुए वित्तीय स्थिति को मजबूत किया है। सेगमेंट स्तर पर कंज्यूमर प्रोटेक्शन में मार्जिन सुधार दर्ज हुआ, जबकि स्पेशलिटी एडिटिव्स और एडवांस्ड इंटरमीडिएट्स में कमजोर मांग के कारण गिरावट रही।

# सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज युवा संगठन नागदा की नई कार्यकारिणी घोषित

**नागदा।** श्री सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज युवा संगठन की बैठक रविवार शाम 5 बजे प्रकाश नगर स्थित समाज की धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त अध्यक्ष पं. राकेश शर्मा ने की।



मीडिया प्रभारी निलेश मेहता एवं राकेश जानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए युवा संगठन के सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गए, जिसका वाचन दीपक पंड्या ने किया। घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष तृप्तेश पण्ड्या, देवेश मेहता, सचिव पंकज उपाध्याय,सहसचिव मनोज व्यास, कोषाध्यक्ष प्रशांत दवे,प्रचार मंत्री गौरव व्यास, मुकेश शर्मा, संगठन मंत्री विजय शर्मा, यतीन्द्र शर्मा, सांस्कृतिक सचिव में कमल त्रिवेदी, मुकेश जोशी, मुकेश शर्मा, मनीष शिकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता, राकेश ज्ञानी, परामर्शदाता मंडल में सुमित दवे, संजय पंड्या, हेमंत जोशी, विजय व्यास, शिवमंगल उपाध्याय,दीपक पंड्या एवं अजय पंड्या को सम्मिलित किया गया। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यकारिणी सदस्य गण में दीपक रावल,दीपक दवे,सूरज जोशी, संजय व्यास, श्रवण पण्ड्या, गौरव शर्मा, गोपाल शर्मा रुपेटा, मोहित दवे, अंकुर शर्मा, मनीष व्यास, नरेंद्र रूपेटा, महेंद्र जोशी, प्रदीप उपाध्याय, विशाल त्रिवेदी, वासुदेव व्यास बोरखेड़ा, दीपक शर्मा खामरिया, विनायक खामरिया, देवेंद्र पण्ड्या, प्रहलाद मेहता, राहुल मेहता, आशीष मेहता, सचिन मेहता को सहभागी बनाया। अंत में अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त

# सिविल अस्पताल को खाली करवाने को एसडीएम को दिया आवेदन

**नागदा।** भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीम से मिलकर कलेक्टर के नाम आवेदन एसडीएम नागदा को दिया गया है। जिसमें मांग की गई की जल्द से जल्द कर्मचारी राज्य बीमा को खाली कर शासकीय अस्पताल को नए भवन में शिफ्ट किया जाए। ताकि बीमा में आदर्श हॉस्पिटल का कार्य प्रारंभ हो सके।

उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय नागदा के भवन से सिविल अस्पताल को स्थानान्तरित किया गया था। परन्तु कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय को आदर्श चिकित्सालय परियोजना हेतु भवन को खाली करने के लिये जिला कलेक्टर से मांग की है। आवेदन में बताया कि भारतीय मजदूर संघ, नागदा द्वारा लंबे समय से इंगोरिया रोड स्थित कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल को आदर्श अस्पताल के रूप में विकसित करने की मांग की जा रही है। इस संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आवश्यक आदेश भी पूर्व में जारी किए जा चुके हैं। लेकिन भवन की स्थिति: वर्तमान में बीमा अस्पताल के स्वयं के भवन में 'सिविल अस्पताल' का संचालन किया जा रहा है। इस कारण बीमा अस्पताल को 'आदर्श अस्पताल' के रूप में अपग्रेड करने की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित है। शासन और संबंधित विभाग द्वारा यह आश्वस्त किया गया था कि मार्च 2025 तक सिविल अस्पताल के नए भवन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और बीमा अस्पताल का मूल भवन पुन: ई.एस.आई. विभाग को सौंप दिया जाएगा। परन्तु आज दिनांक तक हस्तांतरण की कार्रवाई नहीं की गई है।

एसडीएम के माध्यम से आवेदन देकर जिला कलेक्टर से मांग की है कि शीघ्र ही सिविल हास्पीटल को अन्यत्र स्थानान्तरित कर कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय को सौंपा जाए। इस मौके पर सुल्तान सिंह शेखावत, जोध सिंह राठौड़, करण सिंह शेखावत, राजकुमार सिसोदिया, मोहब्बत सिंह राठौड़, महेश नायर, गिरधारी लाल सोनी, राहुल सिंह नरूका, कीर्ति बना सहित अन्य मौजूद थे।

**एक नजर** ▶ विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भाविप विक्रमादित्य का 76वां स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

# तनाव और बदलती जीवनशैली से बढ़ रहे हृदय रोग, सतर्कता ही बचाव: डॉ. बिलाल




**उज्जैन। वर्तमान में बदलती जीवन शैली, असंतुलित आहार, तनाव और व्यायाम की कमी के कारण हृदय रोग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दैनिक दिनचर्या में सुधार, संतुलित आहार, तनाव प्रबंधन एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच से हृदय रोग के खतरे से बचा जा सकता है।**

यह विचार अवंती हॉस्पिटल के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहसिन बिलाल ने व्यक्त किए। वे विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्थानीय सामाजिक न्याय परिसर स्थित समर्थ सेवा कार्यालय में आयोजित 76वें स्वास्थ्य जागरूकता शिविर को संबोधित कर रहे थे। डॉ. बिलाल ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से हृदय रोग के लक्षण और इससे बचने के महत्वपूर्ण उपाय भी साझा किए। यह शिविर भारत विकास परिषद विक्रमादित्य, समर्थ सेवा संस्था और श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम चारधाम मंदिर के आचार्य संत रामस्वरूप महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र सिंह बैस और सतीश पटेल उपस्थित रहे। अध्यक्षता संस्था के मुख्य संरक्षक भगवान शर्मा ने की। पर्यावरणविद श्याम माहेश्वरी और प्रकाश चित्तौड़ा विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन थे।

**75 शिविरों में 7000 नि:शुल्क ऑपरेशंस:** कार्यक्रम संयोजक दीपक राजवानी, डॉ. प्रशांत पाटीदार और विट्ठल नागर थे। इस अवसर पर डॉ. विशाल पाटीदार व डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य हमारी संस्था का सिग्नेचर प्रोजेक्ट है। अब तक 75 शिविरों के माध्यम से 7000 नि:शुल्क ऑपरेशंस कराए जा चुके हैं और लाखों लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलवाया गया है।

### इन वरिष्ठ चिकित्सकों का मिला मार्गदर्शन

शिविर का आयोजन शहर के प्रमुख चिकित्सकों के मार्गदर्शन में किया गया। इनमें डॉ. जी. व्यास, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. राहुल नागर, डॉ. मुस्तफा सिंगापुरवाला, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. विशाल पाटीदार, डॉ. स्वप्निल पेंढारकर, डॉ. योगेश सर्राफ, डॉ. आशीष दुबे और डॉ. बी.के. मालवीय शामिल रहे। शिविर की व्यवस्थाओं में सुनील शर्मा, रवि शर्मा, सुभाष पाठक, शुभम नागर, संजय आचार्य की विशेष भूमिका रही। संचालन आनंद पुरोहित एवं तनु रुद्रेश शर्मा ने किया तथा अंत में आभार सुनील माहेश्वरी ने माना।